सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए 25 दिसंबर तक मांगे आवेदन

तावडू,विजय,(ज्योति दर्पण) उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार देने के लिए 25 दिसंबर 2024 तक आवेदन मांगे हैं। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2025 को दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिस महिला ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो या उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हों। श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार में 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि आवेदक का जन्म हरियाणा में हुआ हो और महिलाओं के हित के लिए काम करती हो। नामांकन करने के दौरान नामांकित व्यक्ति जीवित होना चाहिए। आवेदन के नियम विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए निकटतम महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।